मईया नवरात्रों में जब धरती पे आती है

मैया नवरात्रों में, जब धरती पे आती है,
किसको है क्या देना, ये सोच के आती है,
मैया नवरात्रों मे, जब धरती पे आती है.....

पहले नवरात्रों में, माँ सबकी खबर लेती,
दूजे नवरात्रों में, अपने खाते में लिख लेती है,
तीजे नवरात्रों से, बात आगे बढ़ाती है,
मैया नवरात्रों मे, जब धरती पे आती है........

चौथे नवरात्रों में, माँ आसान लगाती है,
पाँचवे नवरात्रों में, माँ आ गयी बताती है,
छटे नवरात्रों में, सबको दर्शन कराती है,
मैया नवरात्रों मे, जब धरती पे आती है......

सतवे नवरात्रों में, खोल देती खजाने है,
अठवे नवरात्रों से, लग जाती लूटाने है,
नव्वे नवरात्रों में, दोनो हाथो से लुटाती है,
मैया नवरात्रों मे, जब धरती पे आती है.......

दसवे दिन माता की, बिदाई जब आती है,
धरती के लोगो की, आँखे भर आती है,
रामा फिर आउंगी, वादा करके चली जाती है,
मैया नवरात्रों मे, जब धरती पे आती है........

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/26810/title/mayia-navratro-me-jab-dharti-pe-aati-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |